NYC HEALTH+ HOSPITALS

सभी के लिए टीकाकरण

बच्चों के लिए Pfizer COVID-19 वैक्सीन

- पहला और दूसरा डोज़
- 6 महीने से 4 साल की उम्र के बच्चों के लिए तीसरा डोज़
- जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमज़ोर है उन लोगों के लिए अतिरिक्त प्राथमिक श्रृंखला डोज़
- जिनकी उम्र 5 वर्ष और उससे अधिक है उन लोगों के लिए बूस्टर डोज़
- 6 महीने से 4 वर्ष की उम्र वाला डोज़ वयस्क डोज़ की ताकत का दसवां हिस्सा
- 5 से 11 वर्ष की उम्र वाला डोज़ वयस्क डोज़ की ताकत का एक तिहाई हिस्सा

हमारे किसी भी अस्पताल में उपलब्ध है

COVID-19 के कारण, खुद को और अपने बच्चों को बीमार होने से बचाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

COVID-19 के टीके बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और यहाँ तक कि मृत्यु के जोखिम को कम करने में सुरक्षित और अत्यधिक प्रभावी हैं।

आपके बच्चों को बिना किसी खर्चे के COVID-19 वैक्सीन मिल सकती है। QR कोड स्कैन करें या **1-844-NYC-4NYC** (1-844-692-4692) पर कॉल करें।

COVID-19 टीकों के बारे में अधिक जानें

NYC HEALTH+ HOSPITALS

COVID-19 के लिए किसे टीकाकरण करवाना चाहिए?

+ 6 महीने से 4 वर्ष की उम्र के बच्चे Pfizer-BioNTech के तीन बाल चिकित्सा डोज़ (ताकत का दसवां हिस्सा) प्राप्त कर सकते हैं
+ 5 से 11 वर्ष की उम्र के बच्चे Pfizer-BioNTech के दो बाल चिकित्सा डोज़ (ताकत का एक तिहाई हिस्सा) प्राप्त कर सकते हैं
+ 12 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बच्चों और प्रौढ़ों को Pfizer-BioNTech वैक्सीन के दो डोज़ मिल सकते हैं
+ 5 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बच्चे और प्रौढ़ जिनकी किसी स्थिति या उपचार के कारण कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली है, उन्हें अतिरिक्त Pfizer प्राथमिक श्रृंखला डोज़ मिल सकता है - जिसे तीसरा डोज़ भी कहा जाता है।

COVID-19 बूस्टर टीका किसे लगवाना चाहिए?

5 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को अपनी प्राथमिक Pfizer या Moderna COVID-19 टीकाकरण श्रृंखला का दूसरा डोज़ लगवाने के कम से कम 5 महीने बाद बूस्टर शॉट लगवाना चाहिए।

5 से 17 वर्ष की उम्र के लोग, जिन्हें पाँच महीने से ज़्यादा समय पहले Pfizer प्राथमिक श्रृंखला लगाई गई थी, वे केवल Pfizer के बूस्टर शॉट के लिए पात्र हैं।

5 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग जो प्रतिरक्षा में अक्षम हैं, उन्हें कुल 4 डोज़ के लिए अपनी प्राथमिक Pfizer COVID-19 टीकाकरण श्रृंखला का अतिरिक्त डोज़ प्राप्त करने के कम से कम 3 महीने बाद बूस्टर शॉट मिलना चाहिए।

NYC Health + Hospitals प्रणाली के अस्पताल Pfizer और J&J टीके प्रदान करते हैं। NYC Health + Hospitals/Gotham Health साइट्स 5-11 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए Moderna वैक्सीन और Pfizer वैक्सीन प्रदान करते हैं। स्थानों की पूरी सूची के लिए, हमारी वेबसाइट: **nychealthandhospitals.org** पर जाएँ।

Published: 6/23/2022
Hindi